Bareilly, Monday,
6 May 2019
BAREILLY EDITION
Within Bareilly City.- ₹ 2/-
Outside Bareilly City.- ₹ 3/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

वर्कशॉप के दौरान गेस्ट को किया गया सम्मानित.

एसआरएमएस में वर्कशॉप में एक्सपर्ट्स ने दी जानकारी

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (5 May): श्री राममूर्ति स्मारक इन्स्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, बरेली त्वचा रोग विभाग एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ. क्षेत्र के 100 से अधिक त्वचा रोग विशेषज्ञ व पीजी स्टूडेंट्स ने भाग लिया. वर्कशॉप का मुख्य विषय बोटॉक्स इन्जेक्शन का प्रयोग किस प्रकार व किन परिस्थितियों मे किया जाए, इस पर चर्चा की गई. वर्कशॉप का आयोजन सचिव डॉ. मधुर कान्त रस्तोगी की अध्यक्षता में किया गया. संस्थान के त्वचा रोग विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतीक गहलौत, डॉ. नितिन मिश्रा, डॉ. मिनीषा थापा, व प्राचार्य डॉ. एसवी गुप्ता आदि मौजूद रहे.

उपयोग के तरीके भी बताए

क्या होता है बोटाक्स इन्जेक्शन - बोटॉक्स इन्जेकशन का प्रयोग चेहरे की मांसपेशियों में कसावट लाने व झुर्रियों को हटाने के लिए किया जाता है. इंजेक्शन मे बोटुलिनम नामक रसायन होता है जो तंत्रिका आवेगो को ब्लॉक करके चेहरे की मांसपेशियों का सिकुड़ना कम कर देता है. जिस कारण चेहरे की झुर्रियां समाप्त हो जाती हैं. इसके अतिरिक्त यह कई अन्य बीमारियों जैसे हथेलियों व बगल मे पसीना आना इत्यादि समस्याओं में भी काम आता है. इस दौरान प्रमुख रू से त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रिया पूजा, डॉ. इशिता राका और राघवेन्द्र उपाध्याय मौजूद रहे.